अमर उजाला 09/04/2025

# गांधी मेमोरियल कॉलेज में रोजगार मेला आज

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से बुधवार 9 अप्रैल को रोजगार मेला लगाया जाएगा।

यह आयोजन कॉलेज के प्रबंधन एवं तकनीकी ब्लॉक में किया जाएगा। इस ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में किया जाएगा। जिसमें राज्य भर के अनेक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले सकेंगे।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इस मेले में देश की अनेक प्रतिष्ठित कंपनी भाग ले रही हैं। यह मेला कॉलेज के 2023-24 और 2024-25 बैच के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है। वहीं, कॉलेज में परामर्श की आवश्यकता और नैतिकता की भूमिका विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा ने आज के तेजी से बदलते विश्व में परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। संवाद